उद्यमिता के विचारों को मिला मंच, विश्वविद्यालय में स्टार्टअप पर विशेष सत्र

-स्वरोजगार की राह दिखाता विशेष सत्र: युवाओं को मिला नया दृष्टिकोण

जगदलपुर। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में मंगलवार को इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में 'हाउ टू प्लान फॉर स्टार्टअप एंड लीगल एंड एथिकल स्टेप्स' विषय पर एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज केवल कक्षा शिक्षण और डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत और विश्व की वर्तमान आवश्यकता यह है कि हम अपने युवाओं को एंटरप्रेन्योरशिप से जोड़ें और उन्हें ऐसा मार्गदर्शन दें जिससे वे अपने विचारों को सफल बिजनेस वेंचर में परिवर्तित कर सकें। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय का इन्क्यूबेशन सेंटर छात्रों को इस दिशा में न केवल सहायता करेगा, बल्कि उन्हें रोजगार सृजन की दिशा में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. रंजन कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, एमिटी स्कूल ऑफ कम्युनिकेशन, ग्वालियर एवं JMC Study Hub के संस्थापक रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि "स्टार्टअप की शुरुआत सिर्फ कंपनी खोलने से नहीं, बल्कि किसी सामाजिक, आर्थिक या स्थानीय समस्या को हल करने की सोच से होती है। जब इस सोच में सही योजना, कानूनी जानकारी और नैतिक दृष्टिकोण जुड़ जाता है, तभी वह स्टार्टअप सफल होता है।" उन्होंने बताया कि आज के युवा सिर्फ नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बन सकते हैं। इसके लिए स्पष्ट विज़न, मजबूत योजना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना होना आवश्यक है। उन्होंने स्टार्टअप से जुड़े जमीनी पहलुओं को सरल उदाहरणों और कहानियों के माध्यम से समझाया।

डॉ. कुमार ने बताया कि भारत में प्रतिदिन 80 से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हो रहे हैं, और यह देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। इस बदलते दौर में युवाओं को चाहिए कि वे अपनी सोच को व्यवसायिक दिशा दें। उन्होंने बूटस्ट्रैपिंग, एंजल इन्वेस्टमेंट, गवर्नमेंट स्कीम्स, और CSR जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की और एक किराना दुकान के व्हाट्सएप डिलीवरी मॉडल जैसे उदाहरण से समझाया कि स्टार्टअप का आरंभ साधारण ढंग से भी हो सकता है, बशर्ते सोच स्पष्ट हो और संकल्प मजबूत हो।

उन्होंने JMC Study Hub की यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे यह प्लेटफ़ॉर्म आज पत्रकारिता एवं जनसंचार विद्यार्थियों के लिए देश का सबसे बड़ा ऑनलाइन मंच बन चुका है, जिससे अब तक 10,000 से अधिक छात्रों को UGC-NET व अन्य परीक्षाओं में सफलता मिली है। सत्र के अंत में उन्होंने युवाओं से कहा, "चोटी की सफलता की शुरुआत एक साधारण सोच से होती है। अगर आपके पास एक विचार है, तो उसे आज ही कार्यान्वित करने का साहस कीजिए — वक्त का इंतज़ार मत कीजिए, कदम बढ़ाइए और बदलाव का हिस्सा बनिए।"

इस अवसर पर IIC के प्रेसीडेंट डॉ. सजीवन कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, सुश्री क्षमारानी साहू, सत्यवान साहू, निरंजन कुमार, विमलेश साहू, इंदू बेक सहित विभिन्न विभागों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।


SHAHEED MAHENDRA KARMA VISHWAVIDYALAYA
BASTAR, JAGDALPUR (C.G.)
"HOW TO PLAN FOR START-UP AND LEGAL AND ETHICAL STEPS"
Jointly Organized by
SOS in Computer Applications
SOS in Library Science
Under Quarter-III Activity
GPS Map Camera
Palli, Chhattisgarh, India
4x4p+x3, Palli, Chhattisgarh 494001, India
Lat 19.108258° Long 81.985626°
22/04/2025 12:51 PM GMT +05:30
Google
©2025 Google - Ima


Palli, Chhattisgarh, India
4x4p+x3, Palli, Chhattisgarh 494001, India
Lat 19.108162° Long 81.985321°
22/04/2025 12:46 PM GMT +05:30
GPS Map Camera
Google
M